प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी भो□ाल

दिनांक 22.03.2024 समय: 2.10 PM

विश्व जल दिवस

आज विश्व जल दिवस मनाया जा रहा है। स्वच्छ जल के महत्व को देखते हुए यह दिन हर वर्ष 22 मार्च को मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने □र्यावरण और विकास □र 1992 के संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन की सिफारिशों के बाद, 1993 में 22 मार्च को विश्व जल दिवस के रू□ में घोषित किया था। विश्व जल दिवस लोगों, संगठनों और सरकारों को □ानी से संबंधित तत्काल चुनौतियों का सामना करने के लिए एक मंच □र लाता है। यह दिन शैक्षिक कार्यक्रमों और समुदाय-संचालित अभियानों के माध्यम से सभी के लिए स्वच्छ □ानी और स्वच्छता सुनिश्चित करने का प्रयास है। इस वर्ष जल दिवस की विषय वस्तु **'समृद्धि और शांति के लिए जल'** है। विश्व जल दिवस □र, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक सोशल मीडिया □ोस्ट में कहा है कि □ानी हमारे जीवन के लिए महत्व□ूर्ण है और सरकार इस बहुमूल्य संसाधन की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

बसपा उम्मीदवार

बहूजन समाज □ार्टी-बस□ा ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश की सात संसदीय सीटों □र अ□ने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। बस□ा ने □ूर्व विधायक नारायण त्रि□ाठी को सतना से प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा खजुराहो से कमलेश □टेल, सीधी से □ूजन राम साकेत, मंडला से इंदर सिंह उइके, छिंदवाड़ा से उमाकांत बन्देवार, मंदसौर से कन्हैया लाल मालवीय और बैतूल से अशोक भलावी को टिकट दिया है।

नामांकन अवकाश

लोकसभा चुनाव के लिए □हले चरण में प्रदेश के छह संसदीय क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। मुख्य निर्वाचन □दाधिकारी अनु□म राजन ने बताया कि जिला निर्वाचन कार्यालयों में अवकाश के दिन नामांकन □त्र जमा नहीं होंगे। गौरतलब है कि कल चतुर्थ शनिवार के तहत अवकाश होने एवं 24 और 25 मार्च को सार्वजनिक अवकाश है । प्रथम चरण के लिए नामांकन □त्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 27 मार्च है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जमानत राशि निर्धारित की गई है। अनारक्षित वर्ग के अभ्यर्थी को 25 हजार रु□ये और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थी को 12 हजार 500 रु□ये की जमानत राशि जमा करानी होगी।

ऑपरेशन इंद्रावती

भारत ने हैती से अ□ने नागरिकों को निकालने के लिए ऑ□रेशन इंद्रावती शुरू किया है। विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मणयम जयशंकर ने एक सोशल मीडिया □ोस्ट में बताया है कि कल 12 भारतीयों को निकाला गया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार विदेशों में भारतीयों की सुरक्षा और भलाई के लिए □ूरी तरह प्रतिबद्ध है।

चुनाव □ योग-भ्रामक जानकारी

निर्वाचन आयोग भ्रामक सूचना की चुनौतियों से नि□टने के लिए □री तरह से तैयार है। आयोग ने कड़े दिशा-निर्देश जारी करते हुए सभी हितधारकों से जिम्मेरदारी□र्ण व्योवहार करने और सतर्क रहने का आग्रह किया है। इस स्थिति की गंभीरता का उल्लेकख करते हुए आयोग ने किसी प्रकार की भ्रामक सूचना का प्रसार करने से □हले राजनीतिक □र्टियों को उनकी जांच करने को कहा है। भ्रामक सामग्री के प्रसार को रोकने के लिए चुनाव आयोग ने सभी राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मो □र जिम्मेदारी □र्वक ऐसी सामग्री का इस्तेमाल करें जो विभाजन के बजाय एकता को प्रेरित करें। फर्जी खबरों से नि□टने के लिए चुनाव आयोग ने कहा है कि गलत जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ मौजूदा कानूनों के तहत गंभीर □रिणाम भुगतने होंगे। चुनावी प्रक्रिया □र इसके नकारात्मक प्रभाव को रोकने के लिए राज्यों में तैनात नोडल अधिकारियों को गैर-कानूनी सामग्री को हटाने का निर्देश दिया गया है।

समाचार संक्षेप

1. भाज□ा छोड़ने के बाद राज्यसभा सांसद अजय प्रता□ सिंह ने कल सीधी लोकसभा क्षेत्र से अनौ□चारिक रू□ से गोंडवाना गणतंत्र □ार्टी से अ□ना नामांकन दाखिल कर दिया है।

2. शहडोल के □ंडित एसएन शुक्ल विश्वविद्यालय में हर्बल उत्□ादों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का आयोजन अल्□संख्यक कार्य मंत्रालय के सीखो और कमाओ स्कीम एवं नई शिक्षा नीति के अंतर्गत किया था। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में स्किल डेवल□मेंट करने के साथ उन्हें आर्थिक रू□ से मजबूत करना है।

3. शिव□ुरी जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी लाइसेंस शस्त्र संबंधित स्थान में जमा कराए जा रहे हैं।

4. टीकमगढ़ के □ीजी कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। और

5. बैतूल जिले के भीम□ुर में कल एक गेंहू के खेत में लगी आग से करीब 5 एकड़ क्षेत्र में लगी फसल जलकर खाक हो गई। आग की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

....